Rashtriya Sahara, Lucknow, Nov 01 2008

टीसीएस के आईटी क्विज में भाग लेंगे बारह हजार छात्र

लखनऊ, 31 अक्टूबर (एसएनबी)। सूचना एवं प्रौद्योगिकी क्षेत्र की अग्रणी कम्पनी टाटा कन्सलटेन्सी सर्विसेज (टीसीएस) के तत्वावधान में 8 नवम्बर को राष्ट्रीय स्तर की 'टीसीएस आईटी विज' प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश व उत्तराखंड के बारह हजार से अधिक छात्र भाग लेंगे। प्रतियोगिता के बारे में जानकारी देते हुए टीसीएस के क्षेत्रीय प्रमुख जयंत कृष्णा ने होटल ताज में पत्रकारों को बताया कि चारबाग स्थित रवीन्द्रालय प्रेक्षागृह में होने वाली इस प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश व उत्तराखंड के आठ से बारहवीं कक्षा के करीब बारह हजार छात्र भाग लेंगे। दोपहर 1.45 बजे से होने वाली यह प्रतियोगिता अपराह्न तीन बजे खत्म होगी। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता के विजेताओं को लैपटाप, डिजीटल कैमरा व स्क्रीन सहित पोर्टेबल डीवीडी प्लेयर दिये जाएंगे। इस अवसर पर टीसीएस के हिमांशु कुमार व अमृतांशु भी मौजूद थे।